सरस्वती-महापूजा

विद्याप्रदायिनी सरस्वती माता

संकलनकर्त्री
प्रज्ञाश्रमणी आर्यिका चंदनामती

सम्पादकीय

-कर्मयोगी ब्र. रवीन्द्र कुमार जैन

सरस्वती माता की पूजा में हम पढ़ते हैं–

तीर्थंकर की धुनि, गणधर ने सुनि, अंग रचे चुनि ज्ञानमई।
सो जिनवरवानी, शिवसुखदानी, त्रिभुवनमानी पूज्य भई।।

वास्तव में हम परम सौभाग्यशाली हैं जो कि हमें तीर्थंकर भगवान की दिव्यध्वनि क्रमपरम्परा से दृष्टिगत हो रही है।

प्रस्तुत पुस्तक "सरस्वती महापूजा" में सरस्वती माता की पूजा, स्तुति, आरती, भजन आदि के साथ महालक्ष्मी पूजन, चक्रेश्वरी पूजन, पद्मावती स्तोत्र, पूजन आदि संकलित हैं।

पूज्य गणिनी ज्ञानमती माताजी देव–शास्त्र–गुरु तीनों की ही भक्ति में सभी को लगाए रखती हैं समय–समय पर अनेक प्रकार की पुस्तकों की रचना करके वे सभी के हृदय में ज्ञान की गंगा को प्रवाहित करती रहती हैं इसी शृंखला में पूज्य माताजी की प्रेरणा से संघस्थ प्रज्ञाश्रमणी आर्यिका श्री चन्दनामती माताजी ने इस पुस्तक का संकलन किया है पूज्य आर्यिकाश्री के बारे में कुछ भी बताने की आवश्यकता नहीं आप सब स्वयं ही इनके द्वारा रचित नए–नए भजन, आरती, पूजन, चालीसा आदि से भलीभांति परिचित हैं।

तीर्थंकर ऋषभदेव तपस्थली तीर्थ पर पूज्य गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी के प्रथम चातुर्मास समापन एवं दीपावली पर्व के शुभ अवसर पर प्रकाशित प्रस्तुत पुस्तक के प्रकाशन में श्रीमती आशा जैन ध.प. स्व. श्री नरेन्द्र कुमार जैन एवं उनके सुपुत्र चि. हर्ष जैन (इलाहाबाद) ने ज्ञानदानस्वरूप अपना आर्थिक सहयोग प्रदान किया एतदर्थ संस्थान उनका आभारी है।

प्रस्तावना

-ब्र. कु. सारिका जैन (संघस्थ)

आओ री सुहागन नारी, मंगल गाओ री।
पद्मावती माता की, गोद भराओ री।।

अक्सर ही मंदिरों में महिलाएँ पद्मावती माता का श्रृँगार करते समय इस तरह के भजनों को गाती रहती हैं। दक्षिण भारत में देवियों की पूजा–आराधना का अधिक प्रचलन है। उत्तर भारत में प्रायः प्रत्येक मंदिर में क्षेत्रपाल, पद्मावती, चक्रेश्वरी आदि देवियों की मूर्तियाँ देखने को मिलती हैं। वर्तमान में कुछ लोग कह देते हैं कि देवी–देवताओं की पूजा करना मिथ्यात्व है और आश्चर्य की बात तो यह है कि जो लोग ऐसा कहते हैं वे खुद अन्यत्र देवी–देवताओं को पूजते हुए देखे जाते हैं। जैन परम्परा में शासन देवी–देवताओं को पूजने की विधि प्राचीन समय से ही बताई गई है।

पूज्य गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी बताती हैं कि सन् १९५८ में अजमेर चातुर्मास के मध्य सेठ भागचन्द जी सोनी ने आ. शिवसागर जी महाराज एवं संघस्थ साधुओं को एक पुस्तक लाकर दिखाई थी जिसमें चक्रेश्वरी देवी की पूजा, नाममंत्र, स्तोत्र आदि संस्कृत भाषा में थे पुनः वैसी पुस्तक एक बार पूज्य माताजी को दक्षिण भारत से प्राप्त हुई उसी के आधार से संघस्थ आर्यिका श्री चन्दनामती माताजी ने इस पुस्तक का संकलन किया है।

प्रस्तुत पुस्तक में सरस्वती देवी की पूजा, संस्कृत स्तोत्र के अतिरिक्त एक हिन्दी स्तुति भी है–

कमलासनी श्रुतधारिणी माता सरस्वती......

इसको पढ़कर सरस्वती माता का श्रृंगार करना चाहिए तथा इसी प्रकार महालक्ष्मी देवी का श्रृंगार करते समय–

लक्ष्मी महादेवी का श्रृंगार करो जी।
अपने घर में लक्ष्मी का भण्डार भरो जी।।

इस प्रकार की स्तुति पढ़ने से घर में लक्ष्मी का वास होता है इसी क्रम में चक्रेश्वरी माता का शृंगार–पूजन, पद्मावती माता का श्रृंगार आदि करके विधिवत् सभी देवियों की उपासना करनी चाहिए।

वैसे तो हर शुक्रवार को सरस्वती, पद्मावती आदि देवियों की आराधना की जाती है किन्तु "शारदा पक्ष" जो कि आश्विन शु. १ से पूर्णिमा तक रहता है, इन पन्द्रह दिनों में इन देवियों की भक्तिपूर्वक की गई आराधना चिन्तित फल को प्रदान करने वाली होती है।

आप सभी इस पुस्तक के माध्यम से अपने ज्ञान और ऐश्वर्य की वृद्धि करें यही मंगल कामना है।

परमपूज्य चारित्रचन्द्रिका, युगप्रवर्तिका, वात्सल्यमूर्ति
गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी का

मंगल-आशीर्वाद

जैनधर्म में तीर्थंकरों के शासन देवी-देवताओं की पूजा करने की प्राचीन परम्परा है। लगभग ३०-३५ वर्ष पूर्व जब मैं दक्षिण भारत में थी तब मैंने वहाँ की महिलाओं में इन देवी-देवताओं के प्रति विशेष भक्ति भावना देखी, देखकर मुझे बहुत प्रसन्नता होती थी। बैंगलोर में तो चक्रेश्वरी माता के नाम से एक ''चक्रेश्वरी मन्दिर'' भी है।

इधर उत्तर भारत में भी प्रायः हर मंदिर में क्षेत्रपाल, पद्मावती की मूतियाँ देखने को मिलती हैं लोग बड़ी श्रद्धा से इनकी पूजा-अर्चना करते देखे जाते हैं। दिल्ली जैसी आधुनिक नगरी में भी लोग हर शुक्रवार को लाल मंदिर में पद्मावती देवी की उपासना करने जाते हैं। जब मैंने शारदापक्ष में १५ दिन तक देवियों की आराधना की बात कही तो दिल्ली में एक दिन में कई-कई महिलााएँ आकर खूब भक्तिभाव से शृंगार आदि करती थीं।

मुझे प्रसन्नता है कि मेरी शिष्या आर्यिका चन्दनामती जी ने ''सरस्वती महापूजा'' नामक इस पुस्तक का संकलन करके मेरी भावनाओं को मूर्तरूप प्रदान किया है। मुझे इस बात का गौरव है कि जब भी मेरी जैसी भावना होती है चन्दनामती तत्काल ही मेरी भावना को समझकर भजन, पूजन, चालीसा आदि की रचना कर देती हैं।

इस पुस्तक के माध्यम से देवियों की पूजा-आराधना करके आप सभी अपने धन धान्यादि की वृद्धि करें तथा चन्दनामती जी इसी प्रकार हमेशा अपने ज्ञान के द्वारा भक्तजनों को लाभान्वित करती रहें यही मेरा शुभाशीर्वाद है।

विषय-सूची

क्रम.	पूजन	पृ. सं.
१.	मंगलाचरण एवं सरस्वती अभिषेक	७
२.	सरस्वती स्तोत्र (श्रृंगार)	९
३.	सरस्वती पूजा	११
४.	सरस्वती के १०८ मंत्र	१५
५.	सरस्वती स्तोत्र	१७
६.	सरस्वती माता की स्तुति	१९
७.	सरस्वती माता की आरती	२०
८.	जिनवाणी स्तुति	२१
९.	केवलज्ञान महालक्ष्मी पूजा	२२
१०.	महालक्ष्मी माता की स्तुति	२५
११.	महालक्ष्मी की आरती	२६
१२.	श्रीगोमुखयक्षपूजाविधान	२७
१३.	श्री चक्रेश्वरी माता की पूजन	३०
१४.	श्रीचक्रेश्वरी देवीमन्त्रस्तोत्र	३४
१५.	चक्रेश्वरी माता की आरती	४१
१६.	पद्मावती अभिषेक	४२
१७.	श्री पद्मावती स्तोत्र (भाषा)	४३
१८.	श्री पद्मावती पूजा	४७
१९.	श्री पद्मावती देवी सहस्रनाम बीजाक्षर मन्त्र	५०
२०.	श्री पद्मावती माता की आरती	६६
२१.	क्षेत्रपाल पूजा	६७
२२.	क्षेत्रपाल बाबा की आरती	६८
२३.	अनावृतयक्ष पूजा	६९
२४.	त्रिषष्टिज्ञानसूत्राणि	७०
२५.	भजन	७२

मंगलाचरण

शार्दूलविक्रीडित छन्द-

भाषासर्वमयो ध्वनिर्जिनपतेर्दिव्यध्वनिर्गीयते।
आनन्त्यार्थसुभृत् मनोगततमो हंति क्षणात्प्राणिनः।।
दिव्यस्थानगतामसंख्यजनतामाल्हादयन् निःसृतः।
ते दिव्यध्वनयस्त्रिलोकसुखदाः कुर्वन्तु नो मंगलम् ।।१।।

(पुष्पांजलिं क्षिपेत्)

सरस्वती अभिषेक

जलाभिषेक-

व्योमापगादितीर्थोद्भवेनातिस्वच्छवारिणा।
जिनेन्द्रमुखजां वाणीं सिञ्चे विश्वैकमातृकाम् ।।

ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं ऐं अर्हं पवित्रतरजलेन सरस्वती देवीं अभिषेचयामि स्वाहा।। उदक.

इक्षुरसाभिषेक-

सद्यः पीलितपुण्ड्रेक्षुरसेन शर्करादिना।
जिनेन्द्रमुखजां वाणीं सिञ्चे विश्वैकमातृकाम् ।।

ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं ऐं अर्हं इक्षुरसेन सरस्वती देवीं अभिषेचयामि स्वाहा। उदक..

घृताभिषेक-

कनत्काञ्चनवर्णेन सद्यःसंतप्तसर्पिषा।
जिनेन्द्रमुखजां वाणीं सिञ्चे विश्वैकमातृकाम् ।।

ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं ऐं अर्हं सरस्वती देवीं अभिषेचयामि स्वाहा।। उदक......

दुग्धाभिषेक-

सद्गोक्षीरप्रवाहेन शुक्लध्यानाकरेण वा।
जिनेन्द्रमुखजां वाणीं सिञ्चे विश्वैकमातृकाम्।।

ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं ऐं अर्हं दुग्धेन सरस्वती देवीं अभिषेचयामि स्वाहा। उदक.......

दध्नाभिषेक-

हिमपिण्डसमानेन दध्ना पुण्यफलेन वा।
जिनेन्द्रमुखजां वाणीं सिञ्चे विश्वैकमातृकाम् ।।

ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं ऐं अर्हं दध्नेतन सरस्वती देवीं अभिषेचयामि स्वाहा। उदक.......

चतुष्कोण कलश जलाभिषेक-

हेमोत्पन्नचतुः कुम्भैर्नानातीर्थाम्बुवारिभिः।
जिनेन्द्रमुखजां वाणीं सिञ्चे विश्वैकमातृकाम् ।।

ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं ऐं अर्हं चतुष्कोणकलशेन सरस्वती देवीं अभिषेचयामि स्वाहा। उदक..

सुगन्धित जलाभिषेक-

दिव्यद्रव्यौघमिश्रेण सुगन्धेनाच्छवारिणा।
जिनेन्द्रमुखजां वाणीं सिञ्चे विश्वैकमातृकाम्।।

ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं ऐं अर्हं वं मं हं सं तं पं वं वं मं मं हं हं सं सं तं तं पं पं द्रां द्रां द्रीं द्रीं द्रावय द्रावय झं झं इवीं क्ष्वीं हं सः सुगन्धित जलेन सरस्वतीदेवीं अभिषेचयामि स्वाहा। उदक......

पूर्णार्घ्य-

इतिश्रीभारती जैनीं येऽभिषिच्य यजन्ति ते।
विज्ञाय द्वादशाङ्गानि वै स्युः केवलिनोऽचिरात् ।।

उदक.....जिनगृहे जिनवाच महंयजे। ॐ ह्रीं सरस्वती देव्यै पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

सरस्वती स्तोत्र

(सरस्वती माता के शृंगार के समय पढ़ें)

चन्द्रार्क-कोटिघटितोज्वल-दिव्य-मूर्ते !
श्रीचन्द्रिका-कलित-निर्मल-शुभ्रवस्त्रे !
कामार्थ-दायि-कलहंस-समाधिरूढे ।
वागीश्वरि ! प्रतिदिनं मम रक्ष देवि ! ।।१।।

(श्वेत साड़ी पहनाना)

देवा सुरेन्द्र नतमौलिमणि प्ररोचि,
श्री मंजरी-निविड-रंजित-पादपद्मे !
नीलालके ! प्रमदहस्ति-समानयाने!
वागीश्वरि ! प्रतिदिनं मम रक्ष देवि ! ।।२।।
केयूरहार-मणिकुण्डल-मुद्रिकाद्यैः,
सर्वाङ्गभूषण-नरेन्द्र-मुनीन्द्र-वंद्ये !
नानासुरत्न-वर-निर्मल-मौलियुक्ते !
वागीश्वरि ! प्रतिदिनं मम रक्ष देवि ! ।।३।।

(हार, कुंडल, मुद्रिका, मुकुट आदि पहनाना)

मंजीरकोत्कनककंकणकिंकणीनां,
कांच्याश्च झंकृत-रवेण विराजमाने !
सद्धर्म-वारिनिधि-संतति-वर्द्धमाने !
वागीश्वरि ! प्रतिदिनं मम रक्ष देवि! ।। ४।।

(करधनी पहनाना)

कंकेलिपल्लव-विनिंदित-पाणियुग्मे !
पद्मासने दिवस-पद्मसमान-वक्त्रे !
जैनेन्द्र-वक्त्र-भवदिव्य-समस्त-भाषे !
वागीश्वरि ! प्रतिदिनं मम रक्ष देवि! ।। ५।।
अर्द्धेन्दु मण्डितजटा ललित स्वरूपे !
शास्त्र-प्रकाशिनि-समस्त-कलाधिनाथे !
चिन्मुद्रिका-जपसराभय-पुस्तकांङ्के !
वागीश्वरि ! प्रतिदिनं मम रक्ष देवि!।।६।।

(हाथ में माला देना, वेष्टन से लपेट कर पुस्तक सामने रखना)

डिंडीरपिंड-हिमशंखसिता-भ्रहारे!
पूर्णेन्दु-बिम्बरुचि-शोभित-दिव्यगात्रे !
चांचल्यमान मृगशावललाट नेत्रे !
वागीश्वरि ! प्रतिदिनं मम रक्ष देवि! ।।७।।

(कज्जल तथा कुंकुम लगाना)

पूज्ये पवित्रकरणोन्नत कामरूपे!
नित्यं फणीन्द्र-गरुडाधिप-किन्नरेन्द्रैः!
विद्याधरेन्द्र-सुरयक्ष-समस्त-वृन्दैः,
वागीश्वरि ! प्रतिदिनं मम रक्ष देवि !।।८।।

(सरस्वती को नमस्कार करना)

सरस्वत्याः प्रसादेन, काव्यं कुर्वन्ति मानवाः।
तस्मान्निश्चल-भावेन , पूजनीया सरस्वती।।२।।
श्री सर्वज्ञ मुखोत्पन्ना, भारती बहुभाषिणी।
अज्ञानतिमिरं हन्ति, विद्या-बहुविकासिनी।।१०।।
सरस्वती मया दृष्टा, दिव्या कमललोचना।
हंसस्कन्ध-समारूढा, वीणा-पुस्तक-धारिणी।।११।।

(वीणा हाथ में देना)

प्रथमं भारती नाम, द्वितीयं च सरस्वती।
तृतीयं शारदादेवी, चतुर्थं हंसगामिनी।।१२।।
पंचमं विदुषां माता, षष्ठं वागीश्वरी तथा।
कुमारी सप्तमं प्रोक्ता, अष्टमं ब्रह्मचारिणी।।१३।।
नवमं च जगन्माता, दशमं ब्राह्मिणी तथा।
एकादशं तु ब्रह्माणी, द्वादशं वरदा भवेत् ।।१४।।
वाणी त्रयोदशं नाम, भाषा चैव चतुर्दशं।
पंचदशं श्रुतदेवी च , षोडशं गौर्निगद्यते।।१५।।
एतानि श्रुतनामानि, प्रातरुत्थाय यः पठेत् ।
तस्य संतुष्यति माता, शारदा वरदा भवेत् ।। १६।।
सरस्वती ! नमस्तुभ्यं, वरदे ! कामरूपिणि!
विद्यारंभं करिष्यामि, सिद्धिर्भवतु मे सदा।।१७।।

(पुष्पांजलि क्षेपण करना)

।।इति श्री सरस्वती नाम स्तोत्रम्।।

सरस्वती पूजा

रचयित्री—गणिनीप्रमुख ज्ञानमती माताजी

जिनदेव के मुख से खिरी, दिव्यध्वनी अनअक्षरी।
गणधर ग्रहण कर द्वादशांगी, ग्रंथमय रचना करी।।
इन अंग पूरब शास्त्र के ही, अंश ये सब शास्त्र हैं।
उस जैनवाणी को जजूँ, जो ज्ञान अमृतसार है।।१।।

ॐ ह्रीं अर्हन्मुखकमलविनिर्गतद्वादशांगमयी सरस्वती देवि! अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननं।

ॐ ह्रीं अर्हन्मुखकमलविनिर्गतद्वादशांगमयी सरस्वती देवि!अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनं।

ॐ ह्रीं अर्हन्मुखकमलविनिर्गतद्वादशांगमयी सरस्वती देवि! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधीकरणं।

अथ अष्टक—चामर छन्द

जैन साधु चित्त सम, पवित्र नीर ले लिया।
स्वर्ण भृंग में भरा, पवित्र भाव मैं किया।।
द्वादशांग जैनवाणी, पूजते उद्योत हो।
मोहध्वांत नष्ट हो, उदीत ज्ञानज्योति हो।।१।।

ॐ ह्रीं अर्हन्मुखकमलविनिर्गतद्वादशांगमयी सरस्वती देव्यै जलं.....।

केशरादि को घिसाय, स्वर्ण पात्र में भरी।
ताप पाप शांति हेतु, पूजहूँ इसी घरी ।। द्वादशांग०।।२।।

ॐ ह्रीं अर्हन्मुखकमलविनिर्गतद्वादशांगमयी सरस्वती देव्यै चन्दनं....।

चन्द्ररश्मि के समान, धौत स्वच्छ शालि हैं।
पुंज को चढ़ावते, मिले गुणों कि माल है।। द्वादशांग०।।३।।

ॐ ह्रीं अर्हन्मुखकमलविनिर्गतद्वादशांगमयी सरस्वती देव्यै अक्षतं....।

मोगरा गुलाब चंप केतकी चुनायके ।
स्वात्म सौख्य प्राप्त होय, पुष्प को चढ़ावते।। द्वादशांग०।।४।।

ॐ ह्रीं अर्हन्मुखकमलविनिर्गतद्वादशांगमयी सरस्वती देव्यै पुष्पं...।

लड्डुकादि व्यंजनों से, थाल को भराय के।
ज्ञानदेवता समीप, भक्ति से चढ़ाय के।।
द्वादशांग जैनवाणी, पूजते उद्योत हो।
मोहध्वांत नष्ट हो, उदीत ज्ञानज्योति हो।।५।।

ॐ ह्रीं अर्हन्मुखकमलविनिर्गतद्वादशांगमयी सरस्वती देव्यै नैवेद्यं...।

दीप में कपूर ज्वाल, आरती उतारहूँ।
ज्ञानपूर जैन भारती, हृदय में धारहूँ।।द्वादशांग०।।६।।

ॐ ह्रीं अर्हन्मुखकमलविनिर्गतद्वादशांगमयी सरस्वती देव्यै दीपं...।

धूप ले दशांग, अग्निपात्र में हि खेवते।
कर्म भस्म हो उड़े, सुगंधि को बिखेरते।।द्वादशांग०।।७।।

ॐ ह्रीं अर्हन्मुखकमलविनिर्गतद्वादशांगमयी सरस्वती देव्यै धूपं...।

सेब संतरा अनार, द्राक्ष थाल में भरें।
मोक्ष सौख्य हेतु शास्त्र, के समीप ले धरें।। द्वादशांग०।।८।।

ॐ ह्रीं अर्हन्मुखकमलविनिर्गतद्वादशांगमयी सरस्वती देव्यै फलं...।

वारि गंध शालि पुष्प, चरु सुदीप धूप ले।
सत्फलों समेत अर्घ्य, से जजें सुयश मिले। द्वादशांग०।।९।।

ॐ ह्रीं अर्हन्मुखकमलविनिर्गतद्वादशांगमयी सरस्वती देव्यै अर्घ्यं...।

स्वर्ण भृंग नाल से, सुशांतिधार देय के।
विश्वशांति हो तुरंत, इष्ट सौख्य देय के।। द्वादशांग०।।१०।।

शांतये शांतिधारा।

गंध से समस्तदिक् , सुगंध कर रहे सदा।
पुष्प को समर्पिते, न दुःख व्याधि हो कदा।। द्वादशांग०।।११।।

दिव्य पुष्पांजलिं।

जाप्य—ॐ ह्रीं अर्हन्मुखकमलविनिर्गतद्वादशांगाय नमः।

जयमाला

दोहा

द्वादशांग हे वाङ्मय ! श्रुतज्ञानामृतसिंधु।
गाऊँ तुम जयमालिका, तरूं शीघ्र भवसिंधु।।१।।

शंभु छन्द

जय जय जिनवर की दिव्यध्वनी, जो अनक्षरी ही खिरती है।
जय जय जिनवाणी श्रोताओं को, सब भाषा में मिलती है।
जय जय अठरह महाभाषाएं, लघु सात शतक भाषाएं हैं।
फिर भी संख्यातों भाषा में, सब समझे जिनमहिमा ये हैं।।२।।
जिनदिव्यध्वनी को सुनकर के, गणधर गूँथें द्वादश अंग में।
बारहवें अंग के पाँच भेद, चौथे में चौदह पूर्व भणें।।
पद इक सौ बारह कोटि तिरासी, लाख अठावन सहस पाँच।
मैं इनका वंदन करता हूँ, मेरा श्रुत में हो पूरणांक।।३।।
इक पद सोलह सौ चौंतिस कोटी, और तिरासी लाख तथा।
है सात हजार आठ सौ अट्ठासी, अक्षर जिन शास्त्र कथा।।
इतने अक्षर का इक पद तब, सब अक्षर के जितने पद हैं।
उनमें से शेष बचें अक्षर, वह अंगबाह्य श्रुत नाम लहे।।४।।
जो आठ कोटि इक लाख आठ, हज्जार एक सौ पचहत्तर।
चौदह प्रकीर्णमय अंगबाह्य के, इतने ही माने अक्षर।।
यह शब्दरूप और ग्रन्थरूप, सब द्रव्यश्रुत कहलाता है।
जो ज्ञानरूप है आत्मा में, वह कहा भावश्रुत जाता है। ।।५।।
जिनको केवलज्ञानी जाने, पर वच से नहिं कह सकते हैं।
ऐसे पदार्थ सु अनंतानंत, जो तीन भुवन में रहते हैं।।
उनसे भी अनंतवें भाग प्रमित, वचनों से वर्णित हो पदार्थ।
उन प्रज्ञापनीय से भी अनन्तवें, भाग कथित श्रुत में पदार्थ।।६।।
फिर भी यह श्रुत सब द्वादशांग, सरसों सम इसका आज अंश।
उनमें से भी लवमात्र ज्ञान, हो जावे तो भी जन्म धन्य।।

यह जिन आगम की भक्ती ही, निज पर का भान कराती है।
यह भक्ती ही श्रुतज्ञान पूर्णकर, श्रुतकेवली बनाती है।।७।।
श्रुतज्ञान व केवलज्ञान उभय, ज्ञानापेक्षा हैं सदृश कहे।
श्रुतज्ञान परोक्ष लखे सब कुछ, बस केवलज्ञान प्रत्यक्ष लहे।।
अंतर इतना ही तुम जानो, इसलिए जिनागम आराधो।
स्वाध्याय मनन चिंतन करके, निज आत्म सुधारस को चाखो।।८।।
इस ढाईद्वीप में कर्मभूमि, इक सौ सत्तर जिनवर होते।
उन सबकी ध्वनि जिन आगम है, इससे जन अघमल को धोते।।
जिनवचपूजा जिनपूजा सम, यह केवलज्ञान प्रदाता है।
नित पूजूँ ध्याऊँ गुण गाऊँ, यह भव्यों को सुखदाता है।।९।।
है नाम भारती सरस्वती, शारदा हंसवाहिनी तथा।
विदुषी वागीश्वरि और कुमारी, ब्रह्मचारिणी सर्वमता।।
विद्वान् जगन्माता कहते, ब्राह्मणी व ब्रह्माणी वरदा।
वाणी भाषा श्रुतदेवी गौ, ये सोलह नाम सर्व सुखदा।।१०।।
हे सरस्वती ! अमृतझरिणी, मेरा मन निर्मल शांत करो।
स्याद्वाद सुधारस वर्षाकर, सब दाह हरो मन तृप्त करो।।
हे जिनवाणी माता मुझ, अज्ञानी की नित रक्षा करिये।
दे केवल ''ज्ञानमती'' मुझको, फिर भले उपेक्षा ही करिये।।११।।

दोहा

भूत भविष्यत् संप्रति, त्रैकालिक जिनशास्त्र।
त्रिकरण शुद्धी मैं नमूँ, मिले सिद्धि सर्वार्थ।।१२।।

ॐ ह्रीं अर्हन्मुखकमलविनिर्गतद्वादशांगमयी सरस्वती देव्यै जयमाला पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

शांतये शांतिधारा। दिव्य पुष्पांजलिः।

दोहा

सब भाषामय सरस्वती, जिनकन्या जिनवाणि।
ज्ञानज्योति प्रगटित करो, माता जगकल्याणि।।१।।

इत्याशीर्वादः।

सरस्वती देवी के १०८ मंत्र

अर्हद्वक्त्राब्जसंभूतां, गणाधीशावतारितां।

महर्षिधारितां स्तोष्ये, नाम्नामष्टशतेन गां।।१।।

१. ॐ ह्रीं श्री आदिब्रह्ममुखाम्भोज प्रभवायै नमः २. ॐ ह्रीं द्वादशांगिन्यै नमः ३. ॐ ह्रीं सर्वभाषायै नमः ४. ॐ ह्रीं वाण्यै नमः ५. ॐ ह्रीं शारदायै नमः ६. ॐ ह्रीं गिरे नमः ७. ॐ ह्रीं सरस्वत्यै नमः ८. ॐ ह्रीं ब्राह्म्यै नमः ९. ॐ ह्रीं वाग्देवतायै नमः १०. ॐ ह्रीं देव्यै नमः ११. ॐ ह्रीं भारत्यै नमः १२. ॐ ह्रीं श्रीनिवासिन्यै नमः १३. ॐ ह्रीं आचारसूत्रकृतपादायै नमः १४. ॐ ह्रीं स्थानतुर्यांगजंघायै नमः १५. ॐ ह्रीं व्याख्या-प्रज्ञप्ति-ज्ञातृ-धर्मकथांग चारुरूभासुरायै नमः १६. ॐ ह्रीं उपासकांग सन्मध्यायै नमः १७. ह्रीं अंतकृद्दशांगनाभिकायै नमः १८. अनुत्तरोपपत्तिदशप्रश्नव्याकरणस्तन्यै नमः १९. ॐ ह्रीं विपाकसूत्रसद्वक्षसे नमः २०. ॐ ह्रीं दृष्टिवादांगकंधरायै नमः २१. ॐ ह्रीं परिकर्ममहासूत्रविपुलांसविराजितायै नमः २२. ॐ ह्रीं चन्द्र-मार्तंडप्रज्ञप्तिभास्वद्बाहुसुबल्ल्यै नमः२३.ॐह्रीं जम्बूद्वीप सागरप्रज्ञप्तिसत्करायै नमः२४. ॐ ह्रीं व्याख्याप्रज्ञप्तिविभ्राजत्पंचशाखामनोहरायै नमः २५. ॐ ह्रीं पूर्वानुयोगवदनायै नमः २६. ॐ ह्रीं पूर्वाख्यचिबुकांचितायै नमः २७. ॐ ह्रीं उत्पादपूर्वसन्नासायै नमः २८. ॐ ह्रीं अग्रायणीयदंतायै नमः २९. ॐ ह्रीं अस्तिनास्तिप्रवादोष्ठायै नमः ३०. ॐ ह्रीं चित्प्रवादकपोलायै नमः ३१. ॐ ह्रीं सत्यप्रवादरसनायै नमः ३२. ॐ ह्रीं आत्मप्रवादमहाहनवे नमः ३३. ॐ ह्रीं कर्मप्रवादसत्तालवे नमः ३४. ॐ ह्रीं प्रत्याख्यानललाटायै नमः ३५.ॐ ह्रीं विद्यानुवादकल्याणनामधेयसुलोचनायै नमः ३६. ॐ ह्रीं प्राणावायक्रियाविशालपूर्वभ्रूधनुर्लतायै नमः ३७. ॐ ह्रीं लोकबिन्दुमहासारचूलिकाश्रवणद्वयायै नमः ३८. ॐ ह्रीं स्थलगाख्यलसच्छीर्षायै नमः ३९. ॐ ह्रीं जलगाख्यमहाकचायै नमः ४०. ॐ ह्रीं मायागतसुलावण्यायै नमः ४१. ॐ ह्रीं रूपगाख्यसुरूपिण्यै नमः ४२. ॐ ह्रीं आकाशगतसौंदर्यायै नमः ४३. ॐ ह्रीं श्रीकलापि-सुवाहनायै नमः ४४. ॐ ह्रीं निश्चयव्यवहारदृङ्.नूपुरायै नमः ४५. ॐ ह्रीं बोधमेखलायै नमः ४६. ॐ ह्रीं सम्यक्चारित्रशीलहारायै नमः ४७. ॐ ह्रीं महोज्ज्वलायै नमः ४८. ॐ ह्रीं नैगमामोघकेयूरायै नमः ४९. ॐ ह्रीं संग्रहानघचोलकायै नमः ५०. ॐ ह्रीं व्यवहारोद्घकटकायै नमः ५१. ॐ ह्रीं ऋजुसूत्रसुकंकणायै नमः ५२. ॐ ह्रीं शब्दोज्ज्वलमहापाशायै नमः ५३. ॐ ह्रीं समभिरुढ़महांकुशायै नमः ५४. ॐ ह्रीं एवंभूतसन्मुद्रायै नमः ५५. ॐ ह्रीं दशधर्ममहाम्बरायै नमः ५६. ॐ ह्रीं

जपमालालसद्हस्तायै नमः ५७. ॐ ह्रीं पुस्तकांकितसत्करायै नमः ५८. ॐ ह्रीं नयप्रमाणताटंकायै नमः ५९. ॐ ह्रीं प्रमाणद्वयकर्णिकायै नमः ६०. ॐ ह्रीं केवलज्ञानमुकुटायै नमः ६१. ॐ ह्रीं शुक्लध्यानविशेषकायै नमः ६२. ॐ ह्रीं स्यात्कारप्राणजीवन्त्यै नमः ६३. ॐ ह्रीं चिदुपादेयभाषिण्यै नमः ६४. ॐ ह्रीं अनेकांतात्मकानंदपद्मासननिवासिन्यै नमः ६५. ॐ ह्रीं सप्तभंगीसितच्छत्रायै नमः ६६. ॐ ह्रीं नयषट्कप्रदीपिकायै नमः ६७. ॐ ह्रीं द्रव्यार्थिकनयानूनपर्यायार्थिकचामरायै नमः ६८. ॐ ह्रीं कैवल्यकामिन्यै नमः ६९. ॐ ह्रीं ज्योतिर्मय्यै नमः ७०. ॐ ह्रीं वाङ्.मयरूपिण्यै नमः ७१. ॐ ह्रीं पूर्वापराविरुद्धायै नमः ७२. ॐ ह्रीं गवे नमः ७३. ॐ ह्रीं श्रुत्यै नमः ७४. ॐ ह्रीं देवाधिदेवतायै नमः ७५. ॐ ह्रीं त्रिलोकमंगलायै नमः ७६. ॐ ह्रीं भव्यशरण्यायै नमः ७७. ॐ ह्रीं सर्ववंदितायै नमः ७८. ॐ ह्रीं बोधमूर्तये नमः ७९. ॐ ह्रीं शब्दमूर्तये नमः ८०. ॐ ह्रीं चिदानन्दैकरूपिण्यै नमः ८१. ॐ ह्रीं शारदायै नमः ८२. ॐ ह्रीं वरदायै नमः ८३. ॐ ह्रीं नित्यायै नमः, ८४. ॐ ह्रीं भुक्तिमुक्तिफलप्रदायै नमः ८५. ॐ ह्रीं वागीश्वर्यै नमः ८६. ॐ ह्रीं विश्वरूपायै नमः ८७. ॐ ह्रीं शब्दब्रह्म-स्वरूपिण्यै नमः ८८. ॐ ह्रीं शुभंकर्यै नमः ८९. ॐ ह्रीं हितंकर्यै नमः ९०. ॐ ह्रीं श्रीकर्यै नमः ९१. ॐ ह्रीं शंकर्यै नमः ९२. ॐ ह्रीं सत्यै नमः ९३. ॐ ह्रीं सर्वपापक्षयंकर्यै नमः ९४. ॐ ह्रीं शिवंकर्यै नमः ९५. ॐ ह्रीं महेश्वर्यै नमः ९६. ॐ ह्रीं विद्यायै नमः ९७. ॐ ह्रीं दिव्यध्वन्यै नमः ९८. ॐ ह्रीं मात्रे नमः ९९. ॐ ह्रीं विद्वदाल्हाददायिन्यै नमः १००. ॐ ह्रीं कलायै नमः १०१. ॐ ह्रीं भगवत्यै नमः १०२. ॐ ह्रीं दीप्तायै नमः १०३. ॐ ह्रीं सर्वशोकप्रणाशिन्यै नमः १०४. ॐ ह्रीं महर्षिधारिण्यै नमः १०५. ॐ ह्रीं पूतायै नमः १०६. ॐ ह्रीं गणाधीशावतारितायै नमः १०७. ॐ ह्रीं ब्रह्मलोकस्थिरावासायै नमः १०८. ॐ ह्रीं द्वादशाम्नाय देवतायै नमः।

इदमष्टोत्तरशतं, भारत्याः प्रतिवासरं।
यः प्रकीर्तयते भक्त्या, स वै वेदांतगो भवेत् ।।१।।
कवित्वं गमकत्वं च , वादितां वाग्मितामपि।
समाप्नुयादिदं स्तोत्र-मधीयानो निरंतरं।।२।।
आयुष्यं च यशस्यं च, स्तोत्रमेतदनुस्मरन् ।
श्रुतकेवलितां लब्ध्वा, सूरिर्ब्रह्म भजेत्परं।।४।।

।। इति।।

सरस्वती स्तोत्र

बारह अंगंगिज्जा, दंसणतिलया चरित्तवत्थहरा।
चोद्दसपुव्वाहरणा, ठावे दव्वाय सुयदेवी।।१।।
आचारशिरसं सूत्र, कृतवक्त्रां सुकंठिकाम् ।
स्थानेन समवायांग-व्याख्याप्रज्ञप्तिदोर्लताम् ।।२।।
वाग्देवतां ज्ञातृकथो-पासकाध्ययनस्तनीम् ।
अंतकृद्दशसन्नाभि-मनुत्तरदशांगतः।।३।।
सुनितंबां सुजघनां-प्रश्नव्याकरणश्रुतात् ।
विपाकसूत्रदृग्वाद-चरणां चरणांबराम् ।।४।।
सम्यक्त्वतिलकां पूर्व-चतुर्दशविभूषणाम् ।
तावत्प्रकीर्णकोदीर्ण-चारुपत्रांकुरश्रियम्।।५।।
आप्तदृष्टप्रवाहौघ-द्रव्यभावाधिदेवताम् ।
परब्रह्मपथादृप्तां, स्यादुक्तिं भुक्तिमुक्तिदाम् ।।६।।
निर्मूलमोहतिमिरक्षपणैकदक्षं,
न्यक्षेण सर्वजगदुज्जवलनैकतानम् ।
सोषेस्व चिन्मयमहो जिनवाणि ! नूनं,
प्राचीमतो जयसि देवि ! तदल्पसूतिम् ।।७।।
आभवादपि दुरासदमेव,
श्रायसं सुखमनन्तमचिंत्यम् ।
जायतेऽद्य सुलभं खलु पुंसां,
त्वत्प्रसादात् इहांब ! नमस्ते।।८।।
चेतश्चमत्कारकरा जनानां,
महोदयाश्चाभ्युदयाः समस्ताः।
हस्ते कृताः शस्तजनैः प्रसादात्,
तवैव लोकांब ! नमोस्तु तुभ्यम् ।।९।।
सकलयुवतिसृष्टेरंब ! चूड़ामणिस्त्वं,
त्वमसि गुणसुपुष्टेर्धर्मसृष्टेश्च मूलम् ।
त्वमसि च जिनवाणि ! स्वेष्टमुक्त्यंगमुख्या,
तदिह तव पदाब्जं भूरिभक्त्या नमामः।।१०।।

अर्थ- श्रुतदेवी के बारह अंग हैं, सम्यग्दर्शन यह तिलक है चारित्र यह उनका वस्त्र है, चौदह पूर्व उनके आभरण हैं ऐसी कल्पना करके श्रुतदेवी की स्थापना करनी चाहिए।

बारह अंगों में से प्रथम जो "आचारांग" है, वह श्रुतदेवी—सरस्वती देवी का मस्तक है, "सूत्रकृतांग" मुख है, "स्थानांग" कण्ठ है, "समवायांग" और "व्याख्याप्रज्ञप्ति" ये दोनों अंग उनकी दोनों भुजायें हैं, 'ज्ञातृकथांग" और "उपासकाध्ययनांग" ये दोनों अंग उस सरस्वती देवी के दो स्तन हैं, "अंतकृद्दशांग" यह नाभि है, 'अनुत्तरदशांग" श्रुतदेवी का नितम्ब है, "प्रश्नव्याकरणांग" यह जघनभाग है, "विपाकसूत्रांग"और "दृष्टिवादांग" ये दोनों अंग उन सरस्वती देवी के दोनों पैर हैं। "सम्यक्त्व" यह उनका तिलक है। चौदह पूर्व अलंकार हैं और "प्रकीर्णक श्रुत" सुन्दर बेल बूटे सदृश हैं। ऐसी कल्पना करके यहाँ पर द्वादशांग जिनवाणी को सरस्वती देवी के रूप में लिया गया है।

श्री जिनेन्द्रदेव ने सर्व पदार्थों की सम्पूर्ण पर्यायों को देख लिया है, उन सर्व द्रव्य पर्यायों की यह "श्रुतदेवता" अधिष्ठात्री देवी हैं अर्थात् इनके आश्रय से पदार्थों की सर्व अवस्थाओं का ज्ञान होता है। परम ब्रह्म के मार्ग का अवलोकन करने वाले लोगों के लिए यह स्याद्वाद के रहस्य को बतलाने वाली है तथा भव्यों के लिए भुक्ति और मुक्ति को देने वाली ऐसी यह सरस्वती माता है।

अर्थ—जो चिन्मय ज्योति सम्पूर्ण मोहरूपी अंधकार को नष्ट करने वाली है और सर्व जगत् को प्रकाशित करने वाली है। हे जिनवाणी मातः! हे सरस्वति देवि! ऐसी चिन्मय ज्योति को आप उत्पन्न करने वाली हो इसलिए आपने अल्प प्रकाश धारक सूर्य को जन्म देने वाली ऐसी पूर्व दिशा को जीत लिया है।

अनादि काल से संसार में दुर्लभ ऐसा अचिन्त्य और अनन्त मोक्ष सुख है, आपके प्रसाद से वह मनुष्यों को प्राप्त हो जाता है इसलिए हे मातः! मैं आपको नमस्कार करता हूँ। हे मातः! अंतरंग को आश्चर्यचकित करने वाले जो स्वर्गादि के समस्त अभ्युदय ऐश्वर्य हैं वे सब आपके प्रसाद से लोगों को प्राप्त हो जाते हैं इसलिए मैं आपको नमस्कार करता हूँ। हे अम्ब! आप सम्पूर्ण स्त्रियों की सृष्टि में चूड़ामणि हो। आपसे ही धर्म की और गुणों की उत्पत्ति होती है। आप मुक्ति के लिए प्रमुख कारण हो, इसलिए मैं अतीव भक्तिपूर्वक आपके चरणकमलों को नमस्कार करता हूँ।

यह स्तोत्र प्रतिष्ठातिलक से लिया है एवं जयधवला टीका में भी ऐसी गाथायें हैं।

सरस्वती माता की स्तुति
(श्रृंगार करते समय यह स्तुति पढ़ें)

रचयित्री-प्रज्ञाश्रमणी आर्यिका चंदनामती

शेर छन्द-

कमलासिनी श्रुतधारिणी माता सरस्वती।
जिनशासनी अनुगामिनी माता सरस्वती।।
है द्वादशांग रूप से निर्मित तेरी काया।
सम्यक्त्व तिलक माथे पे चारित्र की छाया।।
विद्वानों से भी पूज्य तुम माता सरस्वती।
जिनशासनी अनुगामिनी माता सरस्वती।।१।।
जिनवर की मूर्ति तेरे मस्तक पे राजती।
वन्दन करें जो उनकी ज्ञान शक्ति जागती।।
हे श्वेतवस्त्र धारिणी माता सरस्वती।
जिनशासनी अनुगामिनी माता सरस्वती।।२।।
हे शारदा तू ज्ञान की गंगा बहाती है।
वागीश्वरी तू ब्रह्मचारिणी कहाती है।।
कर में है वीणा पुस्तक माला सरस्वती।
जिनशासनी अनुगामिनी माता सरस्वती।।३।।
जो भी तेरी आराधना में लीन होता है।
मिथ्यात्वतिमिर हटा ज्ञान लीन होता है।।
है ''चन्दना'' तुम पद में नत माता सरस्वती।
जिनशासनी अनुगामिनी माता सरस्वती।।४।।

❖❖❖❖❖❖

सरस्वती माता की आरती

रचयित्री—प्रज्ञाश्रमणी आर्यिका चंदनामती

आरति करो रे,
जिनवाणी माता सरस्वती की, आरति करो रे।
द्वादशांगमय श्रुतदेवी का, श्रेष्ठ तिलक सम्यग्दर्शन।
वस्त्र धारतीं चारित के, चौदह पूरब के आभूषण।।
आरति करो, आरति करो, आरति करो रे,
आकार सहित उन श्रुतदेवी की, आरति करो रे।। १।।
इनके आराधन से ज्ञानावरण कर्म क्षय होता है।
मति श्रुत ज्ञान प्राप्त होकर, अज्ञान स्वयं व्यय होता है।।
आरति करो, आरति करो, आरति करो रे,
तीर्थंकर प्रभु की दिव्यध्वनि की, आरति करो रे।। २।।
मनपर्ययज्ञानी गणधर भी, श्रुत आराधन करते हैं।
तभी घातिया कर्म नाशकर, केवलज्ञानी बनते हैं।
आरति करो, आरति करो, आरति करो रे,
कैवल्यमयी शीतलवाणी की, आरति करो रे ।। ३।।
मुनि के अंग पूर्व की महिमा, तो आगम में मिलती है।
सम्यग्दृष्टि आर्यिका ग्यारह, अंगों को पढ़ सकती है।।
आरति करो, आरति करो, आरति करो रे,
सौंदर्यवती माँ सरस्वती की, आरति करो रे।।४।।
शुभ्र वस्त्र धारिणी हंसवाहिनी सरस्वती माता हैं।
शुभ्र ज्ञानकिरणों से युत, ''चंदना'' यही श्रुतमाता हैं।।
आरति करो, आरति करो, आरति करो रे,
श्रुतज्ञान समन्वित सरस्वती की, आरति करो रे।।५।।

जिनवाणी स्तुति

रचयित्री—प्रज्ञाश्रमणी आर्यिका चंदनामती

हे सरस्वती माता, अज्ञान दूर कर दो।
जग को देकर साता, विज्ञान पूर्ण भर दो।।
श्रुत का भण्डार भरा, तेरे ज्ञान की गंगा में।
जन मन श्रृंगार करा, गुरुवर मुनि चन्दा ने।।
श्रृंगार सहित माता, श्रुतज्ञान पूर्ण कर दो।
जग को देकर साता, विज्ञान पूर्ण भर दो।।१।।
प्रभु वीर की वाणी सुन, गणधर ने संवारा है।
मुनिगण उस पथ पर चल, निज ज्ञान सुधारा है।
निज ज्ञान किरण दाता, आलोक ज्ञान भर दो।
जग को देकर साता, विज्ञान पूर्ण भर दो।।२।।
चंदन चंदा गंगा, तन शीतल कर सकते।
मुक्ता मालाएं भी, नहिं मन को हर सकते ।।
''चंदना'' सभी जग को, शारद मां का वर दो।
जग को देकर साता, विज्ञान पूर्ण भर दो।।३।।

केवलज्ञान महालक्ष्मी पूजा

रचयित्री—गणिनी ज्ञानमती माताजी

स्थापना

गीता छन्द

कैवल्यज्ञान महान लक्ष्मी, त्रय जगत में मान्य है।
सब लोक और अलोक जिसमें, एक अणु समान है।।
जिस चाह से सब साधुगण, भी सेवते परमात्म को।
उस महालक्ष्मी को जजूँ, करके मुदा आह्वान को।।१।।

ॐ ह्रीं श्रीकेवलज्ञानमहालक्ष्मी ! अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननं।
ॐ ह्रीं श्रीकेवलज्ञानमहालक्ष्मी ! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनं।
ॐ ह्रीं श्रीकेवलज्ञानमहालक्ष्मी ! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधीकरणं।

अथाष्टकं–नरेन्द्र छन्द

गंगानदि का पावन जल ले, कंचनभृंग भरूँ मैं।
ज्ञानभानु गुण पूजन करके, भव भव त्रास हरूँ मैं।।
केवलज्ञान महालक्ष्मी को, नित पूजूँ हरषाऊँ।
सुख संपति सौभाग्य प्राप्तकर, शिवलक्ष्मी को पाऊँ।।१।।

ॐ ह्रीं केवलज्ञानमहालक्ष्म्यै जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं....।

अष्टगंध कंचन के द्रवसम, कनक कटोरी भरिये।
ज्ञानसूर्य का अर्चन करके, पूर्ण शांति को वरिये।।केवल.।।२।।

ॐ ह्रीं केवलज्ञानमहालक्ष्म्यै संसारतापविनाशनाय चंदनं.........।

सिंधुफेन सम उज्जवल अक्षत, धौत अखंडित लाऊँ।
पूरण गुणमणि अर्चन हेतू, रुचि से पुंज चढ़ाऊँ।।केवल.।।३।।

ॐ ह्रीं केवलज्ञानमहालक्ष्म्यै अक्षयपदप्राप्तये अक्षतं.........।

वकुल मालती पारिजात के, पुष्प सुगंधित लाऊँ।
मदन विनाशक ज्ञानभानु की, पूजा नित्य रचाऊँ।।केवल.।।४।।

ॐ ह्रीं केवलज्ञानमहालक्ष्म्यै कामबाणविनाशनाय पुष्पं.......।

मोतीचूर सु लाडू घेवर, फेनी आदि बनाके।
क्षुधा वेदनी दूर करन को, जजूँ ज्ञान गुण गाके।।केवल.।।५।।

ॐ ह्रीं केवलज्ञानमहालक्ष्म्यै क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यं......।

घृत दीपक कर्पूर ज्योति से, करूँ आरती रुचि से।
अंतर में श्रुतज्ञान पूर्ण कर, जजूँ भारती मुद से।।केवल.।।६।।
ॐ ह्रीं केवलज्ञानमहालक्ष्म्यै मोहान्धकारविनाशनाय दीपं.......।
धूप सुगंधित अग्नि पात्र में, खेऊँ कर्म जलाऊँ।
परमज्योति की पूजा करके, सौख्य अपूरब पाऊँ।।केवल.।।७।।
ॐ ह्रीं केवलज्ञानमहालक्ष्म्यै अष्टकर्मदहनाय धूपं......।
सेव आम्र अंगूर फलों से, पूजूँ हर्ष बढ़ाऊँ।
ज्ञानज्योति का अर्चन करके, मोक्ष महाफल पाऊँ।।केवल.।।८।।
ॐ ह्रीं केवलज्ञानमहालक्ष्म्यै मोक्षफलप्राप्तये फलं......।
जल चंदन अक्षत माला चरु, दीप धूप फल लाऊँ।
जिनगुण लक्ष्मी की पूजाकर, रत्नत्रयनिधि पाऊँ।।केवल.।।९।।
ॐ ह्रीं केवलज्ञानमहालक्ष्म्यै अनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घ्यं.......।

सोरठा

ज्ञानमहानिधि हेतु, ज्ञान महालक्ष्मी भजूँ।
शांतीधारा देत, आत्यंतिक शांती वरूँ।।

शांतये शांतिधारा।

सुरतरु के वर पुष्प, लेय महालक्ष्मी जजूँ।
पुष्पांजलि से शीघ्र, प्राप्त करूँ सुख संपदा।।

दिव्य पुष्पांजलिः।

जाप्य—ॐ ह्रीं केवलज्ञानमहालक्ष्म्यै नमः।

जयमाला

दोहा

पूर्णज्ञान लक्ष्मी महा, मुक्ति सहेली सिद्ध।
गाऊँ जयमाला अबे, पाऊँ सौख्य समृद्ध।।१।।

चाल–हे दीनबंधु---------

जय जय अनंत गुण समूह सौख्य करंता।
जय जय श्री अरिहंत घातिकर्म के हंता।।
जय जय अनंतदर्श ज्ञानवीर्य सुख भरें।
जय जय समवसरण विभूति सर्व निधि धरें।।२।।

केवलरमा को सेवतीं संपूर्ण ऋद्धियाँ।
उस आगे आगे दौड़ती हैं सर्व सिद्धियाँ।।
सब भूत भविष्यत् व वर्तमान को लखें।।
पर्याय सभी गुण सभी तत्काल इव दिखें।।३।।
दर्पण समान स्वच्छज्ञान में जगत् दिखे।
त्रैलोक्य अरु अलोक प्रतिबिम्ब सम दिपे।।
संपूर्ण प्रदेशों से दर्शज्ञान प्रगटता।
व्यवधान रहित ज्ञान अतीन्द्रिय विलसता।।४।।
पंचेन्द्रियाँ औ मन भी सहायक नहीं वहाँ।
कैवल्यज्ञान इसी से असहाय है यहाँ।।
प्रतिपक्ष रहित एक अकेला स्वतंत्र है।
इससे ही आतमा का राज्य एकतंत्र है।।५।।
इसके अनंत चमत्कार आर्ष में कहे।
शाश्वत अनंत सौख्य का भंडार यह रहे।।
कैवल्य के गुणों को कोई गा नहीं सके।
मां शारदा गणधर गुरू भी हारकर थके।।६।।
फिर भी हुआ वाचाल मैं गुणगान कर रहा।
पीयूष एक कण भी मिले सौख्य कर अहा।।
हे नाथ! बात एक मेरी राख लीजिये।
'कैवल्यज्ञानमती' रवि प्रभात कीजिये।।७।।

दोहा

केवलज्ञान महान् में, लोकालोक समस्त।
इक नक्षत्र समान है, नमूँ नमूँ सुखमस्तु।।८।।
ॐ ह्रीं केवलज्ञानमहालक्ष्म्यै जयमाला पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

नरेन्द्र छन्द

केवलज्ञान महालक्ष्मी की, पूजा नित्य करें जो।
इस जग में धन धान्य रिद्धि निधि, लक्ष्मी वश्य करें सो।।
दीपावलि दिन लक्ष्मी हेतू, इस लक्ष्मी को ध्याके।
केवल 'ज्ञानमती' लक्ष्मी को, वरें सर्वसुख पाके।।१।।

इत्याशीर्वादः।

महालक्ष्मी माता की स्तुति

(श्रृंगार करते समय यह स्तुति पढ़ें)

रचयित्री—प्रज्ञाश्रमणी आर्यिका चंदनामती

तर्ज- अच्छा सिला........

लक्ष्मी महादेवी का श्रृंगार करो जी।
अपने घर में लक्ष्मी का भंडार भरो जी।। टेक.।।
जिनवर के ये सदा संग रहती हैं।
समवसरण में आगे-आगे चलती हैं।।
उसी वैभव को नमस्कार करो जी।
अपने घर में लक्ष्मी का भंडार भरो जी।। १।।
तीर्थंकर की माता को स्वप्न में दिखी थीं।
गज अभिषेक प्राप्त लक्ष्मी जी दिखी थीं।।
लक्ष्मी माता पर जल की धार करो जी।
अपने घर में लक्ष्मी का भंडार भरो जी।।२।।
साड़ी पहनाओ और चुनरी ओढ़ाओ।
माथे पे कुंकुम की बिन्दिया लगाओ।।
नाना अलंकारों से श्रृंगार करो जी।
अपने घर में लक्ष्मी का भंडार भरो जी।।३।।
लक्ष्मी को देने वाली यही महामाता हैं।
इनकी आराधना से सब मिल जाता है।।
पूजा में तन मन धन उदार करो जी।
अपने घर में लक्ष्मी का भंडार भरो जी।।४।।
''चन्दना'' जिसने इनका सच्चा ध्यान धर लिया।
उसी ने वरदहस्त इनका प्राप्त कर लिया।।
जिनवर सहित देवी को प्रणाम करो जी।
अपने घर में लक्ष्मी का भण्डार भरो जी।।५।।
अरिहंत देव इनके मस्तक पे विराजे हैं।
जिनको नमन करने से दरिद्रता भागे है।
दीवाली को इनका सब सत्कार करो जी।
अपने घर में लक्ष्मी का भण्डार भरो जी।। ६।।

❖❖❖❖❖❖

महालक्ष्मी की आरती

रचयित्री—प्रज्ञाश्रमणी आर्यिका चंदनामती

तर्ज- चांद मेरे आजा........

आरती लक्ष्मी देवी की-२
धन धान्य की सम्पत्ति देने वाली, माँ की करो आरतिया।।
।।आरती.।।
जिनशासन में जिनवर की, ये भक्त कही जाती हैं।
जो इनकी भक्ती करते, उनके घर में आती है।।
आरती लक्ष्मी देवी की।।१।।
प्रभु समवसरण के आगे-आगे लक्ष्मी चलती हैं।
जिससे प्रभु के वैभव में, कुछ कमी न रह सकती हैं।।
आरती लक्ष्मी देवी की।।२।।
धन वैभव के इच्छुक जन, इनका आराधन करते।
आर्थिक संकट नश जाता, इच्छित फल को वे लभते।।
आरती लक्ष्मी देवी की।।३।।
हे लक्ष्मी माता मुझको, भक्ती का ऐसा फल दो।
लौकिक आध्यात्मिक लक्ष्मी, ''चन्दना'' मेरे मन भर दो।।
आरती लक्ष्मी देवी की।।४।।

❖❖❖❖❖❖

अथ श्रीगोमुखयक्षपूजाविधानम्

सव्येतरोर्ध्वकरदीप्रपरस्वधाक्ष, सूत्रं तथाधरकरांकफलेष्टदानम् ।।
प्राग्गोमुखं वृषमुखं वृषभं वृषांकम्, भक्तं यजे कनकभं वृषचक्रशीर्षम् ।।१।।

।।इति पूजाप्रतिज्ञापनाय पुष्पाजंलिं क्षिपेत् ।।

चतुर्भुजः सुवर्णाभः सुमुखो वृषवाहनः।
हस्ते च परशुं धत्ते बीजपूराक्षसूत्रकम् ।।
वरदानपरः सम्यग् धर्मचक्रं च मस्तके।
संस्थाप्यो गोमुखोयक्ष आदिदेवस्य दक्षिणे।।

ॐ आं क्रों ह्रीं सुवर्णवर्ण सर्वलक्षणसम्पूर्ण स्वायुधवाहनवधूचिन्हसपरिवार जिनधर्मरक्षक सन्मार्गप्रतिपालक श्रीनाभिनंदनसेवक धनधान्यवृद्धिकारक हे श्रीगोमुखयक्षेश्वर! अत्र आगच्छ आगच्छ। इत्यादि। स्थापनम् ।।

अथ वलयः (नैवेद्य चढ़ावें)

१. ॐ गोमुखयक्षाय स्वाहा २. गोमुखपरिजनाय स्वाहा ३. गोमुखअनुचराय स्वाहा ४. गोमुखमहत्तराय स्वाहा ५. अग्नये स्वाहा ६. अनिलाय स्वाहा ७. वरुणाय स्वाहा ८. प्रजापतये स्वाहा ९. ॐ स्वाहा १०. भूःस्वाहा ११. भुवः स्वाहा १२. स्वः स्वाहा १३. ॐ भूर्भुवः स्वाहा १४. स्वधा स्वाहा।

अथाष्टकम्

तीर्थसमुद्भव वार्धिसुनीरैः, कांचनकुंभ समुद्धृतधारैः।
सं यजामि वर विघ्नविनाशं, गोमुखेश रत्नत्रयवासम् ।।

ॐ आं क्रों ह्रीं श्रीगोमुखयक्षेश्वर! जलं गृहाण गृहाण।।१।। जलम्
कुंकुमचंद्रकलापविशुद्धैः, सौरभशुद्धविशुद्ध सुगंधै।।सं.२।।गंधम्
मुक्तिसुवचनामृतसुशीलैः, शालिजतंडुलपुंजविशालैः ।।सं.३।।अक्षतानि
श्रीनयनाभसुसौरभसारैः, कल्पतरूद्भवपुष्पसुवारैः।।सं.४।।पुष्पाणि
शारदशुभ्रशशांकसुदक्षैः, स्वादरसोत्कटचारुसुभक्ष्यैः ।।सं.५।।चरुम्
ध्वस्ततमःश्रयकांतिप्रतापैः, रत्नसमुद्भवदीप्रसुदीपैः।।सं.।।६।।दीपम्

कृष्णागुरुघनसारविमिश्रैः, देवदारुतरुसंभवधूपैः।।सं.।।७।।धूपम्
गंधरूपमधुरैः पृथुपिंडै, राम्रकम्रफलवृंदसुचंडैः।।सं.।।८।।फलानि
अपमृत्वादिनिवारणदक्षैः, परिधानमुत्तरीयक्षौमकैः।।सं.।।९।। सद्वस्त्रम्
गुणभूषणसुसिद्धसुप्राप्त्यैः, नवरत्नान्वितक्षेमसुभूषैः।।सं.।।१०।।आभरणम्

नीरगंधसुशालितंडुल पुष्पचारुचरुत्करैः,
दीपधूपफलार्घ्यकैः वरस्वर्णपात्रविनिर्मितैः।
भव्यजीवविशिष्टदायकनायकंस्वपरान्वितं,
पूजयामिजिनेन्द्रपंकजयुग्मसद्यदरंजितं।

ॐ आं....अर्घ्यं गृहाण गृहाण।।११।।यस्यार्थ. इत्यादि।
शांतिधारां।।पुष्पांजलिं क्षिपेत् ।

श्री आदिनाथ चरणाम्बुज चंचरीकः
चक्रेश्वरी भजति यस्य सुवामभागम्
रोगाद्युपद्रवसमूहविनाशदक्षम् ।
सम्यक्त्वदर्शन शिरोमणिकं नमामि।।इत्याशीर्वादः।।

अथ श्रीगोमुखयक्ष स्तोत्रम्

श्रीनाभिनंदन जिनेश्वर शासनस्य।रक्षाकरो दुरित संहति नाश दक्षः।।
प्राग्गोमुखो वृषमुखो वृषभो वृषांकः।जीयात्सदा शुभकरो वृषभेश यक्षः।।१।।
श्रीमच्चतुर्भुज सुशोभित बीजपूरः।हस्ते स्फुरद् परशुकांत शुभाक्षसूत्रः।।
स्वर्णाभकान्ति वरदान परः स्वशीर्ष्णि।धर्मिष्ठ चक्रधर आदिजिनेन्द्रभक्तः ।।२।।
श्वासज्वरक्षयकफोग्रभगंदरार्ति।श्लैष्मातिसारकुजलोदरकासमुख्याः।।
रोगाः प्रयान्ति विलयं स्मरतां जनानाम् ।जीयात्सदा शुभकरो वृषभेश यक्षः।।३।।
मत्तेभसिंहफणिराजदवानलोग्र। युद्धाम्बुनायकमहोदरबंधनानाम् ।।
भीतिर्नवैयदभिधां स्मरतां जनानाम्।भद्रप्रदो भवतु नो वृषभेश यक्षः।।४।।
सप्रेतभूतकपिशाचकुदृष्टिशाकि–न्यद्‌गाढमुद्गलबलप्रविनाशवीरः।।
यो यक्षनाथ इह देवगणाधिनाथः।दोषौघनाशनकरो वृषभेश यक्षः।।५।।
आनंद लक्ष्मीवर वाणि सुराज्य राजी।वालभ्य भोग महिमादिनिधानदायी।।
सम्पूर्ण निर्मलयशः सुसमृद्धिवृद्धि।वृन्दं करोतु सततं वर गोमुखेशः।।६।।
सत्कीर्ति वीर सुमहोदय सत्प्रमोद।रत्नप्रकाश गुणवर्ग भृतां जनानाम् ।।

चक्रेश्वरी तव सुशोभित वामभागम् । कुर्याच्छुभं मम सदा वृषभेश यक्षः।।७।।
सद्दानदार्ढ्य सुदया सुभगत्व भाजाम् । सन्मुक्ति पूर्विमलमार्ग समुत्सुकानाम् ।।
श्रीमज्जिनेन्द्र वरधर्म परायणानाम् ।दद्यात्सुखं स सततं वृषभेश यक्षः।।८।।
ॐ आं क्रों ह्रीं श्रीगोमुखयक्षेश्वराय स्तोत्राऽर्घ्यं समर्पयामीति स्वाहा।।

घत्ता

इति गुणगणशीलं नीतिनिःशेषलीलम् ।
विजितरिपुसमूहं शुद्धसम्यक्त्वमूलम् ।।
जगतिजनसुवंद्यं सिद्धबुद्धैकनन्द्यम्।
भजतवृषभयक्षं केवलंशांतरूपम् ।।

अथ विसर्जनम्

शुभ्राक्षत प्रसवसत्कुलरत्नदीपैः।
माणिक्यरत्नमयकांचनभाजनस्थैः।।
श्रीगोमुखेचरणतामरसद्वयाग्रे।
सन्मंगलार्तिकमहं त्ववतारयामि।।

इति मंगलारार्तिकोद्धारणं करोमि स्वाहा।

धनदा वरदा सुरपती श्रीगोमुख सुरराज।
सेवकजन सुखियाकरे सारे वांछितकाज।।

इति श्रीगोमुखयक्षपूजा सम्पूर्णा।

श्री चक्रेश्वरी माता की पूजन

रचयित्री-ब्र.कु. सारिका जैन (संघस्थ)

स्थापना

तर्ज-दीक्षा लेकर..........

चलो सभी मिल पूजा करने, श्री चक्रेश्वरि माता की।
ऋषभदेव की शासन देवी, महिमाशाली माता की।।
इनका आराधन करने से, भक्तों के सब कष्ट भगें।
जो इनकी पूजा करते हैं, उनके दुःख दारिद्र नशें।।
आह्वानन स्थापन करके, करें अर्चना माता की-करें अर्चना माता की।
चलो सभी मिल पूजा करने, श्री चक्रेश्वरि माता की।
ऋषभदेव की शासन देवी, महिमाशाली माता की।।
ॐ आं क्रों ह्रीं श्री चक्रेश्वरी महादेवि! अत्र आगच्छ आगच्छ संवौषट्।
ॐ आं क्रों ह्रीं श्री चक्रेश्वरी महादेवि! अत्र स्वस्थाने तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः।
ॐ आं क्रों ह्रीं श्री चक्रेश्वरी महादेवि! अत्र मम सन्निहिता भव भव वषट् सन्निधीकरणं।

-अथाष्टक-

तर्ज-माई रे माई......

अष्टद्रव्य का थाल सजाकर, लाए हैं हम माता।
तेरी पूजन करके हम सब, पाएँगे सुख साता।।
बोलो जय जय जय , बोलो जय जय जय-२।।
गंगानदि का पावन जल, कंचन झारी में लाऊँ।
त्रयधारा दे चरणों में, निज दुःख दारिद्र नशाऊँ।।
मिले सदा सद्बुद्धि मुझे बस,......
मिले सदा सद्बुद्धि मुझे बस, यही प्रार्थना माता।
तेरी पूजन करके हम सब, पाएंगे सुख साता।।
बोलो जय जय जय.....।।१।।
ॐ आं क्रों ह्रीं श्री चक्रेश्वरी महादेव्यै जलं समर्पयामीति स्वाहा।
स्वर्ण कटोरी में सुरभित, चन्दन घिसकर ले आऊँ।
भक्तिभाव से तेरे चरणों, में मैं उसे लगाऊँ।।
इस जग के बहुविध दुःखों से,.......
इस जग के बहुविध दुःखों से, छुटना चाहूँ माता।।

तेरी पूजन करके हम सब, पाएंगे सुख साता।।
बोलो जय जय जय.....।।२।।

ॐ आं क्रों ह्रीं श्री चक्रेश्वरी महादेव्यै चन्दनं........

जब श्री ऋषभदेव प्रभुवर ने, अक्षयपद पाया था।
तब कैलाशगिरी पर प्रभु ने, स्वातम प्रगटाया था।।
वैसे ही अक्षत पुंजों को.......
वैसे ही अक्षत पुंजों को, करूँ समर्पण माता।
तेरी पूजन करके हम सब, पाएंगे सुख साता।।
बोलो जय जय........।।३।।

ॐ आं क्रो ह्रीं श्री चक्रेश्वरी महादेव्यै अक्षतं ....

तरह-तरह के फूलों के, गहनों से तुझे सजाऊँ।
तेरा सुन्दर रूप निहारूँ, कहीं न जाना चाहूँ।।
पुष्प चढ़ाकर तेरे पद में.....
पुष्प चढ़ाकर तेरे पद में, मन हर्षित हो जाता।
तेरी पूजन करके हम सब, पाएंगे सुख साता।।
बोलो जय......।।४।।

ॐ आं क्रों ह्रीं श्री चक्रेश्वरी महादेव्यै पुष्पं.......

लड्डू पेड़ा बरफी गुझिया, भरकर थाल चढ़ाऊँ।
तेरे सम्मुख अर्पण करके, जीवन सफल बनाऊँ।।
सुनते हैं माँ तव पूजन से.......
सुनते हैं माँ तव पूजन से, सुख वैभव मिल जाता।।
तेरी पूजन करके हम सब, पाएंगे सुख साता।।
बोलो जय....।।५।।

ॐ आं क्रों ह्रीं श्री चक्रेश्वरी महादेव्यै नैवेद्यं........

जगमग-जगमग दीप जलाकर, करूँ आरती तेरी।
कहीं न हो अज्ञान अंधेरा, यही भावना मेरी।।
सांसारिक दुख तव आरति से.......
सांसारिक दुख तव आरति से, चूर-चूर हो जाता।
तेरी पूजन करके हम सब, पाएंगे सुख साता।।
बोलो जय......।।६।।

ॐ आं क्रों ह्रीं श्री चक्रेश्वरी महादेव्यै दीपं........

जग के प्राणी तरह-तरह से, अपना रूप सँवारें।
फिर भी लाभ हुआ नहिं तो वे, आए द्वार तिहारे।।
धूप जलाई तेरे सम्मुख......
धूप जलाई तेरे सम्मुख, और नमाया माथा।
तेरी पूजन करके हम सब, पाएंगे सुख साता।।
बोलो जय.......।।७।।

